# बैरकों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश



थाने का औचक निरीक्षण करते नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का निरीक्षण

**जमुनहा-श्रावस्ती।** नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम द्वारा देर रात्रि थाना मल्हीपुर एवं थाना हरदत्त नगर गिरंट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय तथा थाना परिसर की समग्र स्थिति का जायजा लिया गया। रिकॉर्ड रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित ड्यूटी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों से उनके कार्यों की जानकारी ली गई तथा उन्हें कार्यालय व बैरकों में स्वच्छता बनाए रखने, मेहनत व लगन से कार्य करने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने, सीमा से सटे इलाकों में विशेष सतर्कता रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सतत निगरानी रखने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जनता के साथ विनम्र व्यवहार, समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा जनविश्वास में वृद्धि हेतु पुलिसकर्मियों को संवेदनशील व सजग रहने की भी अपेक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष मल्हीपुर आशीष कुमार, थानाध्यक्ष हरदत्त नगर गिरंट सौरभ सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।